# बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग

5, हार्डिंग रोड, पटना–800001

(वेबसाईट https://bpssc.bihar.gov.in)

**संदर्भः विज्ञापन संख्या–04/2025**

---

**बिहार सरकार, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) के अंतर्गत सहायक अधीक्षक, भूतपूर्व सैनिकों (JCO/NCO) के पद पर नियुक्ति हेतु आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा का अंतिम परिणाम।**

---

बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा बिहार सरकार, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) के अंतर्गत सहायक अधीक्षक, भूतपूर्व सैनिकों (JCO/NCO) पद की 25 (पच्चीस) रिक्ति के विरूद्ध दिनांक–28.08.2025 को प्रकाशित विज्ञापन संख्या–04/2025 के क्रम में प्रारंभिक लिखित परीक्षा तथा मुख्य लिखित परीक्षा के उपरांत अभिलेख सत्यापन हेतु पात्र अभ्यर्थियों का परीक्षाफल दिनांक–18.03.2026 को प्रकाशित किया गया।

(2) मुख्य लिखित परीक्षा के आधार पर पात्र अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन दिनांक–30.03.2026 को आयोग कार्यालय में किया गया। अभिलेख सत्यापन के लिए पात्र कुल–81 अभ्यर्थियों में से 79 अभ्यर्थी उपस्थित हुए तथा 02 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

(3) अभिलेख सत्यापन के दौरान निम्नलिखित कारणों से अयोग्य अभ्यर्थियों का विवरण निम्नवत हैः

| क्र0सं0 | अयोग्य होने का कारण | अभ्यर्थियों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | अभिलेख सत्यापन में अनुपस्थित | 02 |
| 2 | अभिलेख सत्यापन में अयोग्य | 06 |
| | **योग** | **08** |

(4) बिहार सरकार सामान्य प्रशासन विभाग का पत्रांक–23/नियुक्ति–01–14/2025, 13680/सा0प्र0, दिनांक– 25.07.2025 द्वारा प्राप्त अधियाचना के अनुसार ‘‘सहायक अधीक्षक,

भूतपूर्व सैनिकों (JCO/NCO)'' पद की 25 (पच्चीस) रिक्तियों का विवरण निम्नवत हैः-

| क्र0 सं0 | पदनाम | सहायक अधीक्षक, भूतपूर्व सैनिकों (JCO/NCO) | | |
|---|---|---|---|---|
| | कोटि | कोटिवार कुल रिक्ति की संख्या | महिलाओं के लिए 35% आरक्षित पदों की कोटिवार संख्या | स्वतंत्रता सेनानी के पोता/पोती/नाती/नतिनी के लिए आरक्षित (2 प्रतिशत) कुल पदों की संख्या |
| 1 | अनारक्षित (01) | 09 | 03 | 01 |
| 2 | अनुसूचित जाति (02) | 06 | 02 | |
| 3 | अनुसूचित जनजाति (03) | 01 | शून्य | |
| 4 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग (04) | 03 | 01 | |
| 5 | पिछड़ा वर्ग (05) | 02 | शून्य | |
| 6 | पिछड़े वर्गो की महिला (06) | 02 | शून्य | |
| 7 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (07) | 02 | शून्य | |
| **योग** | | **25** | **06** | **01** |

(5) (i) बिहार सरकार सामान्य प्रशासन विभाग का पत्रांक-23/नियुक्ति-01-14/2025, 13680/सा0प्र0, दिनांक-25.07.2025 (ii) बिहार सरकार, कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) के पत्रांक-कारा/स्था0(अरा0)-01-07/2014/4866 दिनांक-02.07.2025 द्वारा प्राप्त अधियाचना तदनुरूप बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या-04/2025 की शर्तो के अधीन लिखित परीक्षा, शैक्षणिक योग्यता, आयु तथा आरक्षण आदि अर्हता के आधार पर पात्र 73 अभ्यर्थियों पर अंतिम रूप से चयन हेतु विचार किया गया।

(6) ''सहायक अधीक्षक, भूतपूर्व सैनिकों (JCO/NCO)'' के 25 (पच्चीस) पदों पर नियुक्ति हेतु अंतिम रूप से सफल अभ्यर्थियों का मुख्य लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको के आधार पर आरक्षण कोटिवार मेधाक्रमानुसार चयन किया जा रहा है तथा उनकी नियुक्ति हेतु अनुशंसा प्रेषित की जा रही है।

(7) “सहायक अधीक्षक, भूतपूर्व सैनिकों (JCO/NCO)” पद की 25 (पच्चीस) रिक्तियों के विरूद्ध अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों का विवरण निम्नवत् हैः

| श्रेणी/कोटि | अनारक्षित (सामान्य) | | | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अनुसूचित जनजाति | | | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | | | पिछड़ा वर्ग | | | पिछड़े वर्गो की महिलाएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरूष | महिला | योग | पुरूष | महिला | योग | पुरूष | महिला | योग | पुरूष | महिला | योग | पुरूष | महिला | योग | पुरूष | महिला | योग | |
| मूल रिक्ति 25 01 **FFW** सहित | 06 | 03 | 09 | 02 | 00 | 02 | 04 | 02 | 06 | 01 | 00 | 01 | 02 | 01 | 03 | 02 | 00 | 02 | 02 |
| चयनित | 05 | 00 | 05 | 02 | 00 | 02 | 04 | 00 | 04 | 01 | 00 | 01 | 02 | 00 | 02 | 02 | 00 | 02 | 00 |
| **FFW** | 01 | 00 | 01 | ← शून्य → | | | | | | | | | | | | | | | |
| कुल चयनित | 06 | 00 | 06 | 02 | 00 | 02 | 04 | 00 | 04 | 01 | 00 | 01 | 02 | 00 | 02 | 02 | 00 | 02 | 00 |
| शेष रिक्ति | **00** | **03** | **03** | **00** | **00** | **00** | **00** | **02** | **02** | **00** | **00** | **00** | **00** | **01** | **01** | **00** | **00** | **00** | **02** |
| कुल चयनित योग–17 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

- ➢ इस प्रतियोगिता परीक्षा में कोई भी महिला अभ्यर्थी ने आवेदन नहीं किया है। तथापि भर्ती का प्रथम वर्ष होने के कारण उनकी रिक्तियाँ अग्रनीत की जा रही है।
- ➢ उपरोक्त सारणी में स्वतंत्रता सेनानी के पोता/पोती/नाती/नतीनी की संख्या को FFW में दर्शाया गया है।
- ➢ कुल 17 पुरूष अभ्यर्थी चयनित हुए। महिलाओं की 08 रिक्तियाँ नहीं भरी जा सकी क्योंकि इस भर्ती में कोई महिला अभ्यर्थी थे ही नहीं।

(8) विभिन्न आरक्षण कोटियों का Cut-off निम्नवत हैः

| क्र0 सं0 | श्रेणी/कोटि | पुरूष | **FFW** |
|---|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित (सामान्य) | 149.4 (01/07/1985) | 146.6 (08/10/1984) |
| 2 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 147.2 (15/01/1985) | – |
| 3 | अनुसूचित जाति | 88.6 (05/05/1986) | – |
| 4 | अनुसूचित जनजाति | 118.8 (31/08/1976) | – |
| 5 | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 143.0 (05/01/1988) | – |
| 6 | पिछड़ा वर्ग | 139.6 (16/12/1982) | – |

(९) बिहार सरकार, कारा एवं सुधार सेवाएं निरीक्षणालय, गृह विभाग (कारा) के अंतर्गत सहायक अधीक्षक, भूतपूर्व सैनिकों (JCO/NCO) के पद की रिक्तियों के विरूद्ध चयनित एवं नियुक्ति हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों का अनुक्रमांक निम्नवत् हैः

कृपया इसे मेधा सूची न समझें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3221010002 | 3221010008 | 3221010027 | 3221010046 |
| 3221010051 | 3221010094 | 3221010105 | 3221010106 |
| 3221010118 | 3221010128 | 3221010129 | 3221010152 |
| 3221010158 | 3221010162 | 3221010164 | 3221010187 |
| 3221010211 | | | |

(10) **<u>अभ्यर्थियों की अर्हता, शिक्षा तथा चरित्र सत्यापन एवं पहचानः</u>–** नियुक्ति के पूर्व नियुक्ति प्राधिकार द्वारा चयनित अभ्यर्थियों का शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण एवं अर्हता संबंधी अन्य अभिलेखों के साथ–साथ चरित्र सत्यापन नियमानुसार कराया जाएगा। प्रतिकूल प्रतिवेदन प्राप्त होने पर एवं/अथवा अभ्यर्थियों द्वारा तथ्यों को छुपाए जाने की स्थिति में संबंधित अभ्यर्थी नियुक्ति के लिए अयोग्य घोषित किए जाएँगे। किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में आपराधिक मामला लंबित होने अथवा न्यायालय द्वारा दोष सिद्ध घोषित किए जाने पर उसे नियुक्ति के लिए अयोग्य घोषित किया जाएगा।

(11) **<u>चिकित्सीय परीक्षण</u>**ः– नियुक्ति के पूर्व नियमानुसार चयनित अभ्यर्थियों का चिकित्सीय परीक्षण नियुक्ति प्राधिकार द्वारा कराया जाएगा। नियुक्ति के लिए अभ्यर्थियों का चिकित्सीय परीक्षण में योग्य पाया जाना अनिवार्य होगा। चिकित्सीय परीक्षण में अयोग्य पाए गये अभ्यर्थियों की नियुक्ति नहीं की जाएगी।

(12) अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा संबंधित नियुक्ति प्राधिकार महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना को प्रेषित की जा रही है।

(13) **योगदानः–** (a) योगदान के संबंध में अग्रेतर निर्देश नियुक्ति प्राधिकार के द्वारा निर्गत किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को विनिर्दिष्ट अभिलेखों के साथ संबंधित नियुक्ति प्राधिकार के समक्ष व्यक्तिगत रूप से योगदान करना होगा। निर्धारित अवधि में योगदान न करने पर उनकी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है। सहायक अधीक्षक, भूतपूर्व सैनिकों (JCO/NCO) के लिए नियुक्ति प्राधिकार महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना हैं। नियुक्ति प्राधिकार योगदान करने वाले अभ्यर्थियों के संबंध में आयोग को परिणामी प्रतिवेदन समर्पित करने का कष्ट करेंगे।

(b) चयनित अभ्यर्थी सुसंगत मूल प्रमाण–पत्रों/अभिलेखों यथा– (i) वैध फोटोयुक्त पहचान–पत्र जैसे– मतदाता पहचान–पत्र, ड्राईविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि। (ii) स्नातक या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्णता का शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र, ऐसे भूतपूर्व सैनिक जो मैट्रिकुलेट हैं वे 15 वर्ष तक सशस्त्र सेना में सेवा के आधार पर सेना से प्रदत्त स्नातक उत्तीर्णता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेंगे। (iii) जन्म तिथि का प्रमाण–पत्र (मैट्रिक सर्टिफिकेट की मूल प्रति)। (iv) सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण–पत्र (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं पिछड़ा वर्ग कोटि के लिए)। (v) क्रीमीलेयर में नहीं आने संबंधी प्रमाण–पत्र (पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए)। क्रीमीलेयर रहित (NCL) प्रमाण–पत्र (vi) बिहार राज्य के स्थायी निवासी होने संबंधी प्रमाण–पत्र (सभी आरक्षित कोटियों के अभ्यर्थियों के लिए), (vii) बिहार राज्य के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का सदस्य (यदि लागू हो तो) होने संबंधी वित्तीय वर्ष 2024–25 की आय के आधार पर निर्गत प्रमाण–पत्र, बिहार सरकार सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना संख्या–2622, दिनांक–26 फरवरी, 2019 (गजट संख्या– 284) के द्वारा विहित प्रपत्र में (viii) FFW प्रमाण–पत्र (बिहार राज्य स्वतंत्रता सेनानियों के पोता/पोती/नाती/नतिनी के लिए) एवं (ix) पी0पी0ओ0 एवं डिस्चार्ज बुक आदि संबंधित विभाग में व्यक्तिगत रूप से योगदान के समय प्रस्तुत करेंगे।

(14) प्रेस में मुद्रण एवं टाईपोग्राफिकल अशुद्धियों के लिए आयोग उत्तरदायी नहीं होगा।

(15) दलालों से सावधान रहें एवं ऐसे संदिग्धों के सम्बन्ध में पुलिस को सूचित करें।

ह0/–
**विशेष कार्य पदाधिकारी,**
बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,
पटना।

पत्र संख्या बि0पु0अ0से0आ0/परीक्षा–01–07/2024–**363** दिनांक–**02.04.2026**

**बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग का कार्यालय,**
**5, हार्डिंग रोड, पटना – 800001**

**प्रतिलिपिः–** 1. **अपर मुख्य सचिव,** सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।
2. **अपर मुख्य सचिव,** गृह विभाग (आरक्षी शाखा), बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।
3. **महानिरीक्षक,** कारा एवं सुधार सेवाएँ निरीक्षणालय, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।

ह0/–
**विशेष कार्य पदाधिकारी,**
बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग,
पटना।